Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# Series SHC

Code No. / कोड नं. **67/1**

- Please check that this question paper contains 19 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 21 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 19 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 21 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# ACCOUNTANCY
# लेखाशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i) This question paper contains three parts **A, B** and **C.***

*(ii) Part **A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iii) Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts **B** and **C.***

*(iv) All parts of the questions should be attempted at one place.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है - क, ख और ग।*

*(ii) भाग क सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।*

*(iii) शेष भाग ख और ग में से कोई एक भाग हल करना है।*

*(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।*

## PART A
## (Accountancy)

## भाग क
## (लेखाशास्त्र)

**1.** List any four factors that help in the creation of goodwill of a partnership firm. 2

ऐसे कोई चार तत्त्वों की सूची बनाइए जो किसी साझेदारी फर्म की ख्याति निर्माण में सहायक होते हैं।

**2.** Give the meaning of 'Authorised Capital'. 2

'अधिकृत पूँजी' का अर्थ बताइए।

**3.** What is meant by 'Preferential Allotment of Shares'? 2

'प्राथमिकता के आधार पर अंशों के आबंटन' का क्या अर्थ है?

**4.** Give any two points of distinction between a share and a debenture. 2

अंश तथा ऋणपत्र में कोई दो अन्तर बताइए।

**5.** Jain and Gupta were partners in a firm sharing profits in 3 : 2 ratio. Their fixed capitals were Jain Rs. 1,00,000 and Gupta Rs. 1,50,000. After the accounts of the year had been closed it was discovered that interest on capital at 10% per annum as provided in the partnership agreement has not been credited to the capital accounts of the partners before distribution of profits. Pass the necessary journal entry to rectify the error. 3

जैन तथा गुप्ता एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। उनकी स्थिर पूँजियाँ निम्न प्रकार से थीं : जैन 1,00,000 रु. तथा गुप्ता 1,50,000 रु.। वर्ष के खातों को बन्द करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर 10% प्रति वर्ष की दर से लगाया जाने वाला ब्याज लाभ बाँटने से पूर्व साझेदारों के पूँजी खातों में क्रेडिट नहीं किया गया। इस भूल को सुधारने के लिए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टि कीजिए।

**6.** Pass necessary journal entries for the issue of 7% debentures in the following cases : 3

(i) 100 debentures of Rs. 100 each issued at Rs. 105 each repayable at Rs. 100 each.

(ii) 100 debentures of Rs. 100 each issued at Rs. 100 each repayable at Rs. 105 each.

(iii) 100 debentures of Rs. 100 each issued at Rs. 105 each repayable at Rs. 108 each.

निम्नलिखित स्थितियों में 7% ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 100 रु. प्रत्येक के 100 ऋणपत्रों का निर्गमन 105 रु. प्रत्येक में किया गया तथा शोधन 100 रु. प्रत्येक पर करना है।

(ii) 100 रु. प्रत्येक के 100 ऋणपत्रों का निर्गमन 100 रु. प्रत्येक में किया गया तथा शोधन 105 रु. प्रत्येक पर करना है।

(iii) 100 रु. प्रत्येक के 100 ऋणपत्रों का निर्गमन 105 रु. प्रत्येक पर किया गया तथा शोधन 108 रु. प्रत्येक पर करना है।

**7.** Arti and Bharti are partners in a firm sharing profits in 3 : 2 ratio. They admitted Sarthi as a new partner and the new profit sharing ratio will be 2:1:1. Sarthi brought Rs. 10,000 for her share of goodwill. Goodwill already appeared in the books of Arti and Bharti at Rs. 5,000.

Pass necessary journal entries in the books of the new firm for the above transactions. 4

आरती तथा भारती एक फर्म की साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटती हैं। उन्होंने सारथी को एक नया साझेदार बनाया तथा नया लाभ विभाजन अनुपात 2 : 1 : 1 होगा। सारथी ख्याति के अपने अंश के लिए 10,000 रु. लाई। आरती तथा भारती की पुस्तकों में ख्याति पहले से ही 5,000 रु. दर्शाई गई थी।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए नई फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**8.** What journal entries would be passed for the following transactions on the dissolution of a partnership firm, after transferring various assets (other than cash) and third party liabilities to the Realisation Account? 4

(i) Bank loan Rs. 50,000 was paid.

(ii) An unrecorded asset realised Rs. 17,000.

(iii) Stock worth Rs 20,000 was taken over by a partner Rohan for Rs. 14,000.

(iv) Loss on realisation was Rs. 14,000, which was distributed between the partners Rohan and Mohan in the ratio of 3 : 2.

किसी साझेदारी फर्म के समापन के समय वसूली खाते में विभिन्न सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं के हस्तान्तरण के पश्चात् निम्नलिखित लेनदेनों के लिए रोजनामचे में क्या प्रविष्टियाँ की जाएँगी ?

(i) 50,000 रु. के बैंक ऋण का भुगतान किया गया।

(ii) पुस्तकों में एक अलिखित सम्पत्ति जिसे 17,000 रु. में बेचा गया।

(iii) 20,000 रु. मूल्य का स्टॉक साझेदार रोहन ने 14,000 रु. में ले लिया।

(iv) समापन पर हानि 14,000 रु. थी जो साझेदार रोहन तथा मोहन में 3 : 2 के अनुपात में बाँटी गई।

**9.** Y Ltd. redeemed Rs. 50,00,000 8% debentures at a premium of 10% out of profits on 31.3.2006. Pass necessary journal entries for the redemption of debentures. 4

वाई लि. ने 50,00,000 रु. के 8% ऋणपत्रों का शोधन 10% के अधिलाभ पर 31.3.2006 को लाभ में से किया। ऋणपत्रों के शोधन के लिए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

**10.** Z Ltd. issued Rs. 20,00,000 8% debentures on 1.4.2001 at a premium of 5%. On 31.3.2006, out of these Rs. 2,00,000 8% debentures were redeemed by converting them into equity shares of Rs. 100 each issued at par and Rs. 5,00,000 8% debentures were converted into 10% preference shares of Rs. 100 each issued at a premium of 25%.

Pass necessary journal entries in the books of Z Ltd. for the redemption of debentures. 4

1.4.2001 को ज़ैड लि. ने 20,00,000 रु. के 8% ऋणपत्रों का 5% अधिमूल्य पर निर्गमन किया। 31.3.2006 को इन ऋणपत्रों में से 2,00,000 रु. के 8% ऋणपत्रों का शोधन 100 रु. वाले समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करके तथा 5,00,000 रु. के 8% ऋणपत्रों का शोधन 100 रु. वाले 10% पूर्वाधिकार अंशों में, जिनका निर्गमन 25% अधिमूल्य पर हुआ, परिवर्तित करके किया गया।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए ज़ैड लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**11.** Vimal Ltd. purchased machinery of Rs. 9,90,000 from Kamal Ltd. The payment to Kamal Ltd. was made by issuing equity shares of Rs. 100 each. Pass necessary journal entries in the books of Vimal Ltd. for purchase of machinery and the issue of shares when

(i) shares were issued at par.

(ii) shares were issued at 10% discount.

(iii) shares were issued at 25% premium. 4

विमल लि. ने कमल लि. से 9,90,000 रु. की मशीनरी का क्रय किया। कमल लि. को 100 रु. वाले समता अंशों के निर्गमन द्वारा भुगतान किया गया। विमल लि. की पुस्तकों में मशीनरी के क्रय तथा अंशों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए जब

(i) अंशों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया।

(ii) अंशों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया गया।

(iii) अंशों का निर्गमन 25% के अधिमूल्य पर किया गया।

**12.** Ravi and Mohan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 1.3.2007 the firm was dissolved. On that date the Balance Sheet of the firm was as follows :

**Balance Sheet of Ravi and Mohan as on 1.3.2007**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Loan | | 1,40,000 | Cash | 20,000 |
| Creditors | | 2,60,000 | Building | 10,00,000 |
| Capitals : | | | Stock | 80,000 |
| Ravi | 6,00,000 | | Profit & Loss A/c | 1,00,000 |
| Mohan | 2,00,000 | 8,00,000 | | |
| | | 12,00,000 | | 12,00,000 |

Building realised Rs. 4,50,000; Stock Rs. 2,00,000. Rs. 2,40,000 were paid to the creditors in full settlement of their account. The firm has a joint life policy of Rs. 2,00,000 which was surrendered for Rs. 90,000. The annual premium paid on the joint life policy was debited to the Profit and Loss Account.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Partners' Capital Accounts. 6

**OR**

B and C were partners in a firm sharing profits in 3 : 1 ratio. On 1.3.2007 their firm was dissolved. On that date B's capital was Rs. 1,20,000 and C's capital was Rs. 90,000. Creditors on that date were Rs. 40,000 and there was a balance of Rs. 68,000 in general reserve. Cash balance was Rs. 10,000.

Sundry assets realised Rs. 6,00,000 and expenses on dissolution were Rs. 15,000 which were paid by C.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Partners' Capital Accounts. 6

रवि तथा मोहन एक फर्म में साझेदार थे जो लाभों को 3 : 2 के अनुपात में विभाजित करते थे। 1.3.2007 को फर्म का समापन हो गया। उस तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**1.3.2007 को रवि तथा मोहन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| ऋण | | 1,40,000 | रोकड़ | 20,000 |
| लेनदार | | 2,60,000 | भवन | 10,00,000 |
| पूँजियाँ : | | | स्टॉक | 80,000 |
| रवि | 6,00,000 | | लाभ-हानि खाता | 1,00,000 |
| मोहन | 2,00,000 | 8,00,000 | | |
| | | 12,00,000 | | 12,00,000 |

भवन को 4,50,000 रु. में बेचा गया तथा स्टॉक को 2,00,000 रु. में बेचा गया। लेनदारों को उनके खातों को पूर्णरूपेण चुकता करने के लिए 2,40,000 रु. का भुगतान किया गया। फर्म के पास 2,00,000 रु. की एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी थी जिसका समर्पण 90,000 रु. में किया गया। संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी पर देय वार्षिक प्रीमियम को लाभ-हानि खाते के नाम में लिखा जाता था।

वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए।

**अथवा**

ब तथा सं एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 1.3.2007 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। उस तिथि को ब की पूँजी 1,20,000 रु. तथा स की पूँजी 90,000 रु. थी। उस तिथि को लेनदार 40,000 रु. थे तथा सामान्य संचय में 68,000 रु. का शेष था। रोकड़ शेष 10,000 रु. था।

विविध सम्पत्तियों का 6,00,000 रु. में बेचा गया तथा समापन खर्चे 15,000 रु. थे जिनका भुगतान स ने किया।

वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

**13.** Janata Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 equity shares of Rs. 100 each at a discount of 5%. The amount was payable as follows :

On Application Rs. 30
On Allotment Rs. 40
Balance on First and Final Call

Applications for 1,30,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Overpayments received on applications were adjusted towards sums due on allotment. Vinod, to whom 500 shares were allotted, failed to pay allotment and first and final call. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued for Rs. 55,000 fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Janata Ltd., showing the workings clearly. 6

**OR**

Pass necessary journal entries in the books of Arjun Ltd. for the following transactions : 6

(i) 600 8% preference shares of Rs. 100 each issued at a discount of Rs. 5 per share were forfeited for the non-payment of final call of Rs. 30 per share. The forfeited shares were reissued for Rs. 66,000 fully paid up.

(ii) 1500 equity shares of Rs. 100 each issued at a premium of Rs. 20 per share were forfeited for the non-payment of allotment money (including premium) of Rs. 30 per share. Application money of Rs. 30 per share had been received on these shares. The first and final call of Rs. 60 per share was not made. The forfeited shares were re-issued for Rs. 75,000 fully paid up.

जनता लि. ने 100 रु. प्रत्येक वाले 1,00,000 समता अंशों को 5% के बट्टे पर निर्गमन हेतु आवेदन आमन्त्रित किए। राशि निम्न प्रकार देय थी :

आवेदन पर 30 रु.

आबंटन पर 40 रु.

शेष प्रथम तथा अन्तिम याचना पर

1,30,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया। आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि को आबंटन पर देया राशि में समायोजित कर लिया गया। विनोद, जिसे 500 अंशों का आबंटन किया गया था, आबंटन राशि तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहा। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए अंशों को 55,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

जनता लि. की पुस्तकों में कार्यकारी टिप्पणी को स्पष्टता दिखाते हुए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**अथवा**

अर्जुन लि. की पुस्तकों में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 100 रु. प्रत्येक के 600 8% पूर्वाधिकार अंशों को जिन्हें 5 रु. प्रति अंश बट्टे पर निर्गमित किया गया था को 30 रु. प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए अंशों को 66,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

(ii) 100 रु. प्रत्येक के 1500 समता अंशों को, जिन्हें 20 रु. प्रति अंश के अधिमूल्य पर निर्गमित किया गया था, को 30 रु. प्रति अंश आबंटन राशि (अधिमूल्य सहित) प्राप्त न होने पर जब्त कर लिया गया। इन अंशों पर 30 रु. प्रति अंश की आवेदन राशि प्राप्त हो गई थी। 60 रु. प्रति अंश की प्रथम तथा अन्तिम याचना नहीं माँगी गई थी। जब्त किए गए अंशों को 75,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

**14.** A, B and C were partners in a firm sharing profits in proportion of their capitals. On 31.3.2006 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of A, B and C as on 31.3.2006**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 16,000 | Building | 1,40,000 |
| Reserve | | 12,000 | Machinery | 60,000 |
| Capitals : | | | Stock | 8,000 |
| A | 40,000 | | Debtors | 12,000 |
| B | 60,000 | | Cash | 8,000 |
| C | 1,00,000 | 2,00,000 | | |
| | | 2,28,000 | | 2,28,000 |

B died on 30.6.2006. Under the partnership agreement the executors of a deceased partner were entitled to :

(i) Amount standing to the credit of partner's capital account.

(ii) Interest on capital at 12% per annum.

(iii) Share of goodwill. The goodwill of the firm on B's death was valued at Rs. 2,40,000.

(iv) Share of profit from the closing of last financial year to the date of death on the basis of last year's profit. Profit for the year ended 31.3.2006 was Rs. 15,000.

Prepare B's Capital Account to be rendered to his executors. 6

अ, ब तथा स एक फर्म में साझेदार थे जो अपनी पूँजियों के अनुपात में लाभों को विभाजित करते थे। 31.3.2006 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**31.3.2006 को अ, ब तथा स का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 16,000 | भवन | 1,40,000 |
| संचय | | 12,000 | मशीनरी | 60,000 |
| पूँजियाँ : | | | स्टॉक | 8,000 |
| अ | 40,000 | | देनदार | 12,000 |
| ब | 60,000 | | रोकड़ | 8,000 |
| स | 1,00,000 | 2,00,000 | | |
| | | 2,28,000 | | 2,28,000 |

30.6.2006 को ब का देहान्त हो गया। साझेदारी संलेख के अन्तर्गत मृत साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय था :

(i) साझेदार के खाते का पूँजी शेष।

(ii) 12% प्रति वर्ष की दर से पूँजी पर ब्याज।

(iii) ख्याति का भाग। ब की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 2,40,000 रु. किया गया।

(iv) पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति से मृत्यु की तिथि तक लाभ का भाग पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर। 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष में लाभ 15,000 रु. था।

ब के निष्पादकों को प्रस्तुत करने हेतु ब का पूँजी खाता बनाइए।

**15.** X and Y were partners in a firm sharing profits in 3 : 1 ratio. They admitted Z as a new partner for 1/4 share in the profits. Z was to bring Rs. 20,000 as his capital and the capitals of X and Y were to be adjusted on the basis of Z's capital in the profit sharing ratio. The Balance Sheet of X and Y on 31.3.2006 was as follows :

**Balance Sheet of X and Y on 31.3.2006**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 18,000 | Cash | 5,000 |
| Bills Payable | | 10,000 | Debtors | 17,000 |
| General Reserve | | 12,000 | Stock | 12,000 |
| Capitals : | | | Machinery | 21,000 |
| X | 25,000 | | Building | 20,000 |
| Y | 10,000 | 35,000 | | |
| | | 75,000 | | 75,000 |

Other terms of agreement on Z's admission were as follows :

(i) Z will bring Rs. 6,000 for his share of goodwill.

(ii) Building will be valued at Rs. 25,000 and machinery at Rs. 19,000.

(iii) A provision at 5% on debtors will be created for bad debts.

(iv) Capital Accounts of X and Y were adjusted by opening Current Accounts.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of X, Y and Z. 8

**OR**

Vijay, Vivek and Vinay were partners in a firm sharing profits in 2 : 2 : 1 ratio. On 31.3.2006 Vivek retired from the firm. Qn the date of Vivek's retirement the Balance Sheet of the firm was as follows :

**Balance Sheet of Vijay, Vivek and Vinay as on 31.3.2006**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 54,000 | Bank | | 55,200 |
| Bills Payable | | 24,000 | Debtors | 12,000 | |
| Outstanding Rent | | 4,400 | Less Provision for doubtful debts | 800 | 11,200 |
| Provision for legal claims | | 12,000 | Stock | | 18,000 |
| Capitals : | | | Furniture | | 8,000 |
| Vijay | 92,000 | | Premises | | 1,94,000 |
| Vivek | 60,000 | | | | |
| Vinay | 40,000 | 1,92,000 | | | |
| | | 2,86,400 | | | 2,86,400 |

On Vivek's retirement it was agreed that :

(i) Premises will be appreciated by 5% and furniture will be appreciated by Rs. 2,000. Stock will be depreciated by 10%.

(ii) Provision for bad debts was to be made at 5% on debtors and provision for legal damages to be made for Rs. 14,400.

(iii) Goodwill of the firm was valued at Rs. 48,000.

(iv) Rs. 50,000 from Vivek's Capital Account will be transferred to his loan account and the balance will be paid by cheque.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of Vijay and Vinay after Vivek's retirement. 8

एक्स तथा वाई एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। उन्होंने ज़ैड को लाभों के 1/4 भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रविष्ट किया। ज़ैड 20,000 रु. अपनी पूँजी के रूप में लाएगा तथा एक्स एवं वाई की पूँजियाँ ज़ैड की पूँजी के आधार पर लाभ विभाजन अनुपात में समायोजित की जाएँगी। 31.3.2006 को एक्स तथा वाई का स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**31.3.2006 को एक्स तथा वाई का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 18,000 | रोकड़ | 5,000 |
| देय बिल | 10,000 | देनदार | 17,000 |
| सामान्य संचय | 12,000 | स्टॉक | 12,000 |
| पूँजियाँ : | | मशीनरी | 21,000 |
| एक्स 25,000 | | भवन | 20,000 |
| वाई 10,000 | 35,000 | | |
| | 75,000 | | 75,000 |

ज़ैड के प्रवेश के समय समझौते की अन्य शर्तें निम्नलिखित थीं :

(i) ज़ैड ख्याति के अपने अंश के लिए 6,000 रु. लाएगा।

(ii) भवन का मूल्यांकन 25,000 रु. तथा मशीनरी का 19,000 रु. किया जाएगा।

(iii) देनदारों पर डूबत ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा।

(iv) एक्स तथा वाई के पूँजी खातों का समायोजन चालू खाते खोल कर किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा एक्स, वाई एवं ज़ैड का स्थिति विवरण बनाइए।

**अथवा**

विजय, विवेक तथा विनय एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। 31.3.2006 को विवेक ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया। विवेक के अवकाश ग्रहण करने की तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**विजय, विवेक तथा विनय का स्थिति विवरण 31.3.2006 को**

| देयताएँ | | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 54,000 | बैंक | | 55,200 |
| देय बिल | | 24,000 | देनदार | 12,000 | |
| अदत्त किराया | | 4,400 | घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 800 | 11,200 |
| कानूनी दावों के लिए प्रावधान | | 12,000 | स्टॉक | | 18,000 |
| पूँजियाँ : | | | फर्नीचर | | 8,000 |
| विजय | 92,000 | | परिसर | | 1,94,000 |
| विवेक | 60,000 | | | | |
| विनय | 40,000 | 1,92,000 | | | |
| | | 2,86,400 | | | 2,86,400 |

विवेक के अवकाश ग्रहण करने पर यह समझौता हुआ :

(i) परिसर के मूल्य में 5% की तथा फर्नीचर के मूल्य में 2,000 रु. की वृद्धि की जाएगी। स्टॉक पर 10% मूल्यह्रास लगाया जाएगा।

(ii) देनदारों पर डूबत ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा तथा कानूनी दावों के लिए 14,400 रु. का प्रावधान किया जाएगा।

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 48,000 रु. किया गया।

(iv) विवेक के पूँजी खाते से 50,000 रु. विवेक के ऋण में स्थानान्तरित किए जाएँगे तथा शेष राशि का भुगतान उसे चैक द्वारा किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा विवेक के अवकाश ग्रहण करने के पश्चात् विजय तथा विनय का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

## PART B
## (Analysis of Financial Statements)

## भाग ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**16.** Give the meaning of 'Cash Flow Statement'. 2

'रोकड़ प्रवाह विवरण' का अर्थ बताइए।

**17.** A Ltd., engaged in the business of retailing of two wheelers, invested Rs. 50,00,000 in the shares of a manufacturing company. State with reason whether the dividend received on this investment will be cash flow from operating activities or investing activities. 2

अ लि. दुपहिए वाहनों का खुदरा व्यापारी है। इस कम्पनी ने एक विनिर्माण कम्पनी के अंशों में 50,00,000 रु. का निवेश किया। कारण सहित बताइए की इन अंशों (निवेश) पर प्राप्त लाभांश संचालन क्रियाकलापों से प्राप्त रोकड़ प्रवाह होगा तथा निवेशी क्रियाकलापों से प्राप्त रोकड़ प्रवाह।

**18.** The Profit and Loss Accounts of Himani & Co. for the years ended March 31, 2005 and 2006 are as follows :

**Himani & Co.**

**Profit and Loss Accounts for the years ended March 31, 2005 and 2006**

| Particulars | 2005 Rs. | 2006 Rs. |
|---|---|---|
| Net Sales | 4,22,300 | 4,02,000 |
| Cost of Goods sold | 3,71,000 | 3,69,000 |
| Gross Profit | 51,300 | 33,000 |
| Operating Expenses | 22,700 | 19,900 |
| Net Profit | 28,600 | 13,100 |
| Income Tax 50% of Net Profit | 14,300 | 6,550 |

Compute percentage changes from 2005 to 2006. 3

31 मार्च, 2005 तथा 2006 को समाप्त होने वाले वर्षों के लिए हिमानी एण्ड कम्पनी का लाभ-हानि खाता निम्नलिखित है :

**हिमानी एण्ड कम्पनी**

**31 मार्च, 2005 तथा 2006 को समाप्त होने वाले वर्षों के लिए लाभ-हानि खाता**

| विवरण | 2005<br>रु. | 2006<br>रु. |
|---|---|---|
| शुद्ध विक्रय | 4,22,300 | 4,02,000 |
| बेची गई वस्तुओं की लागत | 3,71,000 | 3,69,000 |
| सकल लाभ | 51,300 | 33,000 |
| संचालन व्यय | 22,700 | 19,900 |
| शुद्ध लाभ | 28,600 | 13,100 |
| आय कर शुद्ध लाभ का 50% | 14,300 | 6,550 |

वर्ष 2005 से 2006 में होने वाले प्रतिशत परिवर्तनों की गणना कीजिए।

**19.** Explain briefly any three limitations of analysis of financial statements. 3

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की किन्हीं तीन सीमाओं को संक्षेप में समझाइए।

**20.** The following are the summarised Profit and Loss Account and the Balance Sheet of Ashoka Ltd. as on 31.3.2006 :

**Ashoka Ltd.**

**Profit and Loss Account for the year ended 31.3.2006**

| Liabilities | Amount<br>Rs. | Assets | Amount<br>Rs. |
|---|---|---|---|
| Opening Stock | 20,000 | Sales | 2,20,000 |
| Purchases | 1,25,000 | Closing Stock | 10,000 |
| Direct Expenses | 15,000 | | |
| Gross Profit | 70,000 | | |
| | 2,30,000 | | 2,30,000 |
| Salary | 16,000 | | |
| Loss on Sale of Machinery | 4,000 | | |
| Net Profit | 50,000 | Gross Profit | 70,000 |
| | 70,000 | | 70,000 |

**Ashoka Ltd.**
**Balance Sheet as on 31.3.2006**

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 1,50,000 | Land | 2,00,000 |
| Profit & Loss A/c | 50,000 | Stock | 10,000 |
| Creditors | 75,000 | Debtors | 50,000 |
| Outstanding Expenses | 25,000 | Cash | 40,000 |
| | 3,00,000 | | 3,00,000 |

Calculate any ***two*** of the following ratios on the basis of the information given in the above mentioned financial statements : 4

(i) Gross Profit Ratio

(ii) Stock Turnover Ratio

(iii) Proprietary Ratio

31.3.2006 को अशोका लि. का संक्षिप्त लाभ-हानि खाता तथा स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**अशोका लि.**
**31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि खाता**

| विवरण | राशि रु. | विवरण | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 20,000 | विक्रय | 2,20,000 |
| क्रय | 1,25,000 | अन्तिम स्टॉक | 10,000 |
| प्रत्यक्ष खर्चे | 15,000 | | |
| सकल लाभ | 70,000 | | |
| | 2,30,000 | | 2,30,000 |
| वेतन | 16,000 | | |
| मशीनरी के विक्रय पर हानि | 4,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 50,000 | सकल लाभ | 70,000 |
| | 70,000 | | 70,000 |

**अशोका लि.**

**31.3.2006 का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 1,50,000 | भूमि | 2,00,000 |
| लाभ-हानि खाता | 50,000 | स्टॉक | 10,000 |
| लेनदार | 75,000 | देनदार | 50,000 |
| अदत्त खर्चे | 25,000 | रोकड़ | 40,000 |
| | 3,00,000 | | 3,00,000 |

उपर्युक्त वित्तीय विवरणों में दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित में से कोई **दो** अनुपात ज्ञात कीजिए :

(i) सकल लाभ अनुपात

(ii) स्टॉक आवर्त अनुपात

(iii) स्वामित्व अनुपात

**21.** Seema Ltd. had a profit of Rs. 20,00,000 for the year ended 31.3.2006 after considering the following :

| | |
|---|---|
| Depreciation on building | Rs. 55,000 |
| Depreciation on plant and machinery | Rs. 37,000 |
| Goodwill written off | Rs. 14,000 |
| Loss on sale of plant and machinery | Rs. 8,000 |

Following was the position of the Current Assets and Current Liabilities of the company as on 31st March, 2005 and 31st March, 2006 :

| Particulars | 31.3.2005 Rs. | 31.3.2006 Rs. |
|---|---|---|
| Stock | 65,000 | 69,000 |
| Debtors | 40,000 | 25,000 |
| Cash | 47,000 | 74,000 |
| Creditors | 94,000 | 1,03,000 |
| Outstanding Expenses | 5,000 | 3,000 |
| Bills Payable | 49,000 | 58,000 |

Calculate Cash Flow from Operating Activities. 6

**OR**

With the help of Profit and Loss Account for the year ended 31.3.2006 and Balance Sheets as on 31.3.2005 and 31.3.2006 of Poonam Ltd., calculate 'Cash Flows from Operating Activities'. 6

**Profit and Loss Account of Poonam Ltd. for the year ended 31.3.2006**

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Depreciation | 12,000 | Gross Profit | 4,50,000 |
| Salary | 40,000 | | |
| Rent | 70,000 | | |
| Commission | 30,000 | | |
| Other Expenses | 78,000 | | |
| Net Profit | 2,20,000 | | |
| | 4,50,000 | | 4,50,000 |
| Proposed Dividend | 50,000 | | |
| Retained Profit | 1,70,000 | Net Profit | 2,20,000 |
| | 2,20,000 | | 2,20,000 |

**Balance Sheets of Poonam Ltd. as on 31.3.2005 and 31.3.2006**

| Liabilities | 2005 Rs. | 2006 Rs. | Assets | 2005 Rs. | 2006 Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 1,02,000 | 1,39,000 | Plant | 4,00,000 | 4,70,000 |
| Reserves | 2,00,000 | 3,70,000 | Patents | — | 75,000 |
| Loan | 1,80,000 | 1,05,000 | Stock | 1,17,000 | 1,57,000 |
| Proposed Dividend | 20,000 | 70,000 | Debtors | 95,000 | 87,000 |
| Creditors | 80,000 | 65,000 | Cash | 40,000 | 55,000 |
| Bills Payable | 70,000 | 95,000 | | | |
| | 6,52,000 | 8,44,000 | | 6,52,000 | 8,44,000 |

31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सीमा लि. का लाभ निम्नलिखित समायोजन करने के पश्चात् 20,00,000 रु. था :

| | |
|---|---|
| भवन का मूल्यह्रास | 55,000 रु. |
| संयंत्र तथा मशीनरी पर मूल्यह्रास | 55,000 रु. |
| अपलिखित ख्याति | 55,000 रु. |
| संयंत्र तथा मशीनरी के विक्रय पर हानि | 8,000 रु. |

31.3.2005 तथा 31.3.2006 को कम्पनी की चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की स्थिति निम्नलिखित थी :

| विवरण | 31.3.2005 रु. | 31.3.2006 रु. |
|---|---|---|
| स्टॉक | 65,000 | 69,000 |
| देनदार | 40,000 | 25,000 |
| रोकड़ | 47,000 | 74,000 |
| लेनदार | 94,000 | 1,03,000 |
| अदत्त व्यय | 5,000 | 3,000 |
| देय बिल | 49,000 | 58,000 |

संचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए।

**अथवा**

पूनम लि. के 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लाभ-हानि खाते तथा 31.3.2005 एवं 31.3.2006 के स्थिति विवरणों की सहायता से 'संचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए।

**31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पूनम लि. का लाभ-हानि खाता**

| विवरण | राशि रु. | विवरण | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| मूल्यह्रास | 12,000 | सकल लाभ | 4,50,000 |
| वेतन | 40,000 | | |
| किराया | 70,000 | | |
| कमीशन | 30,000 | | |
| अन्य खर्चे | 78,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 2,20,000 | | |
| | 4,50,000 | | 4,50,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 50,000 | | |
| प्रतिधारित लाभ | 1,70,000 | शुद्ध लाभ | 2,20,000 |
| | 2,20,000 | | 2,20,000 |

**31.3.2005 तथा 31.3.2006 को पूनम लि. का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | 2005 रु. | 2006 रु. | सम्पत्तियाँ | 2005 रु. | 2006 रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 1,02,000 | 1,39,000 | संयंत्र | 4,00,000 | 4,70,000 |
| संचय | 2,00,000 | 3,70,000 | पेटेन्ट्स | — | 75,000 |
| ऋण | 1,80,000 | 1,05,000 | स्टॉक | 1,17,000 | 1,57,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 20,000 | 70,000 | देनदार | 95,000 | 87,000 |
| लेनदार | 80,000 | 65,000 | रोकड़ | 40,000 | 55,000 |
| देय बिल | 70,000 | 95,000 | | | |
| | 6,52,000 | 8,44,000 | | 6,52,000 | 8,44,000 |

## PART C
## (Computerised Accounting)

## भाग ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)

**16.** What is an alternate key ? 2

स्थानापन्न कुन्जी (आल्टरनेट की) क्या है ?

**17.** List the objectives of grouping and hierarchy of accounts. 2

खातों के समूहीकरण तथा सोपानिकी के उद्देश्यों की सूची बनाइए।

**18.** With the help of a suitable example explain the concept of DML. 3

एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से डी.एम.एल. अवधारणा को समझाइए।

**19.** What are the advantages of DBMS ? 3

डी.बी.एम.एस. के क्या लाभ हैं ?

**20.** What is Colour Coding ? 3

वर्ण संहिता (कलर कोडिंग) क्या है ?

**21.** (a) Design a Bank voucher with the following information of M/s Mohan Ltd. : 3

| Date | V. No. | Code | Account | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 31/12/06 | 2 | 710001 | Equity Share Capital | 15,00,000 |
| 31/12/06 | 2 | 720001 | Premium on Issue | 5,00,000 |
| 31/12/06 | 2 | 110001 | Bank | 20,00,000 |

Prepared by Ravi Authorised by Venu

(b) M/s Mohan Ltd. employs 25 persons whose Salary comprises Basic Pay, Dearness Allowance, House Rent Allowance and City Compensatory Allowance. The following are the rules that govern the payment :

Write the queries in SQL using the following data in MS-Access to compute the allowances :

**House Rent Allowance** : Rs. 5,000 up to a Basic Pay of Rs. 20,000; Rs. 10,000 up to Basic Pay of Rs. 30,000; Rs. 15,000 for Basic Pay above Rs. 30,000.

**City Compensatory Allowance** : @ 10% of Basic Pay subject to a minimum of Rs. 1,500. 3+1=4

(अ) मैसर्स मोहन लि. की निम्नलिखित सूचना के आधार पर बैंक वाउचर तैयार कीजिए :

| दिनांक | वाउचर संख्या | कोड | खाता | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 31/12/06 | 2 | 710001 | समता अंश पूँजी | 15,00,000 |
| 31/12/06 | 2 | 720001 | निर्गमन पर अधिमूल्य | 5,00,000 |
| 31/12/06 | 2 | 110001 | बैंक | 20,00,000 |

तैयारकर्ता - रवि वेनू द्वारा अधिकृत

(ब) मैसर्स मोहन लि. 25 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित हैं। भुगतान के निम्नलिखित नियम हैं :

भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम.एस. एक्सेस में उपयोग करते हुए एस. क्यू.एल. में प्रश्न लिखिए :

**मकान किराा भत्ता :** 20,000 रु. मूल वेतन तक 5,000 रु.; 30,000 रु. मूल वेतन तक 10,000 रु.; 30,000 रु. मूल वेतन से अधिक पर 15,000 रु.।

**शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता :** मूल वेतन का 10% की दर से लेकिन न्यूनतम 1,500 रु.।